# वार्षिक परीक्षा 2021-22

## विषय : हिन्दी

समय : 2:30 घंटे　　　कक्षा-11　　　पूर्णांक : 90

1. सही विकल्प का चयन करके उत्तर दीजिए।

(क) चौरासी वैष्णवन की वार्ता के लेखक कौन हैं?

(i) विट्ठल नाथ　　(ii) गोकुल नाथ

(iii) नाभा दास　　(iv) चतुर्भज दास

(ख) 'कलम का सिपाही' किसके द्वारा लिखी गई रचना है-

(i) शान्ति जोशी　　(ii) रामविलास शर्मा

(iii) अमृत राय　　(iv) यशपाल

(ग) हिन्दी की प्रथम डायरी है

(i) मेरी कालिज डायरी　　(ii) डायरी के पन्ने

(iii) जेल डायरी　　(iv) तुफानों के बीच

(घ) मैला आंचल किस प्रकार की रचना है-

(i) कहानी　　(ii) निबन्ध

(iii) उपन्यास　　(iv) नाटक

(ङ) द्विवेदी युग किस लेखक के नाम पर पड़ा-

(i) हजारी प्रसाद द्विवेदी　　(ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(iii) जयशंकर प्रसाद　　(iv) हजारी प्रसाद द्विवेदी

2. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए-

(क) रीतिबद्ध काव्य के कवि हैं-

(i) बिहारी　　(ii) माखनलाल

(iii) भिखारीदास　　(iv) विद्यापति

(ख) 'कीर्ति पताका' के रचयिता है-

(i) कुशलराम　　(ii) भट्टकेदार

(iii) मधुकर　　(iv) विद्यापति

(ग) प्रकृति के सुकुमार कवि कौन हैं

(i) निराला　　(ii) पंत

(iii) प्रसाद　　(iv) महादेवी

(P.T.O.)

https://www.upboardonline.com

(घ) निम्न में से द्विवेदी युग की कौन सी रचना है-

(i) कामायनी (ii) तारसप्तक

(iii) प्रियप्रवास (iv) गाम्या

(ङ) 'संसद से सड़क तक' रचना है-

(i) मुक्ति बोध की (ii) धूमिल की

(iii) नागार्जुन की (iv) अज्ञेय की

3. निम्न में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

यह अध्यापक का काम है कि वह अपने छात्र में चित्त एकाग्र करने का अभ्यास डाले। एकाग्रता ही आत्मसाक्षात्कार की कुंजी है। एकाग्रता का उपाय यह है कि छात्र में मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा का भाव उत्पन्न किया जाए और उसे निष्काम कर्म में प्रवृत्त किया जाए। दूसरे के सुख को देखकर सुखी होना मैत्री है और दुःख देखकर दुःखी होना करुणा है। किसी को अच्छा काम करते देखकर प्रसन्न होना और उसको प्रोत्साहन करना मुदिता और दुष्कर्म का विरोध करते हुए अनिष्टकारी से शत्रुता न करना उपेक्षा है। ज्यों-ज्यों यह भाव जागते हैं त्यों-त्यों ईर्ष्या, द्वेष की कमी होती है।

(क) पाठ का शीर्षक में लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) छात्रों के प्रति अध्यापक का क्या कार्य है?

(घ) मुदिता और निष्काम का अर्थ लिखिए।

(ङ) लेखक ने उपेक्षा को किस प्रकार परिभाषित किया है?

अथवा

प्रेम की भाषा शब्द रहित है। नेत्रों की, कपोलों की, मस्तक की भाषा भी शब्दरहित है। जीवन को तत्त्व भी शब्द से परे है। सच्चा आचरण-प्रभाव, शील, अचल-स्थित संयुक्त आचरण- न तो साहित्य के लंबे व्याख्यानों से गठा जा सकता है; न वेद की श्रुतियों के मीठे उपदेश से; न अजील से; न कुरान से; न धर्मचर्चा से; न केवल सत्संग से। जीवन के अरण्य में धंसे हुए पुरुष के हृदय पर प्रकृति और मनुष्य के जीवन में मौन व्याख्यानों के यत्न से सुनार के छोटे हथौड़े की मंद-मंद चोटें की तरह आचरण को रूप प्रत्यक्ष होता है।

(continue...)

https://www.upboardonline.com

(क) पाठ के शीर्षक में लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रेम की भाषा का क्या प्रभाव होता है?

(घ) कपोलों एवं अरण्य शब्द का अर्थ बताइए।

(ङ) सदाचार का अर्थ बताइए।

4. निम्न से किसी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हेरत हेरत हे सखी, रह्या कबीर हिराई।
बूँद समानी सभद मैं, सो कत हेरी जाई।।

अथवा

ऊधौ जोग जोग हम नाही।
अबला सार ज्ञान कहँ जानै, कैसै ध्यान धराही।
तेई मूँदन नैन कहत हौ, हरि मूरति जिन माही।
ऐसी कथा कपट की मधुकर, हमतै सुनी न जाही।

(क) पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) योग साधना से ईश्वर को कैसे प्राप्त किया जाता है?

(घ) हेरत शब्द अथवा मधुकर शब्द का अर्थ लिखिए।

5. (क) सरदारपुर्ण सिंह अथवा सम्पूर्णानन्द का जीवन परिचय उनकी रचनाएँ लिखिए।

(ख) कबीरदास अथवा सूरदास का जीवन परिचय एवं उनकी रचनाएं लिखिए।

6. 'बलिदान' अथवा 'समय' कहानी का उद्देश्य लिखिए।

7. 'राजमुकुट' नाटक के आधार पर 'महाराणा प्रताप' अथवा 'शक्ति सिंह' का चरित्र चित्रण कीजिए।

8. निम्न संस्कृत गद्यांश का हिन्दी अनुवाद कीजिए।

(क) राष्ट्रभाषा-हिन्दी-प्रचारे संलग्नं हिन्दी साहित्यसम्मेलनम् अत्रस्थितम्। अत्रैव च अनेक सहससंख्यै: देशविदेश विद्यार्थिभि: परिवृत: विविधविद्यापारंगतै: विद्वद्रेण्यै: उपशोभित: च प्रयाग विश्वविद्यालय: भरद्वाजस्य प्राचीन गुरुकुलस्य नवीनं रूपमिव शोभते।

(P.T.O.)

https://www.upboardonline.com

(ख) निम्न श्लोक का अर्थ लिखिए

अभिवदन शीलस्यनित्यं वृद्धोपसेविन:।
चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।।

9. निम्न प्रश्नों का संस्कृत में उत्तर दीजिए-

(क) प्रयाग: कस्मिन राज्ये अस्ति?

(ख) संस्कृत आदिकवि क: अस्ति?

10. (क) वीर अथवा श्रृंगार रस की परिभाषा व उदाहरण लिखो।

(ख) रूपक अथवा श्लेष अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) चौपाई अथवा कुण्डलिया छंद की मात्राओं के साथ उदाहरण लिखिए।

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखो-

(क) अनुशासन

(ख) नई शिक्षा नीति

(ख) मतदाता जागरूकता

(घ)कोरोना वायरस से बचाव

12. (क) पावक: का सन्धि विच्छेद है-

(i) पा + वक:
(ii) पो + अक:
(iii) पौ + अक:
(iv) पा + आवक:

(ख) सहरि में कौन सा समास है-

(i) तत्पुरुष
(ii) कर्मधारय
(iii) अव्ययीभाव
(iv) द्विगु

13. (क) नामन शब्द का तृतीय विभक्ति में रूप लिखो।

(ख) 'नी' धातु का लट्लकार में प्रथमपुरुष एकवचन क्या होगा?

(ग) 'त्व' प्रत्यय से बने शब्द है-

(i) महत्व
(ii) दत्ता
(iii) गन्तव्यम्
(iv) पूज्यित्वा

(घ) 'नम: व्यासाय' रेखांकित शब्द में कौन सी विभक्ति है?

14. निम्न में से किन्हीं दो का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

(क) राम विद्यालय से घर जाता है।

(ख) वह लोग कहां गए।

(ग) संस्कृत भाषा देव भाषा है।

(घ) मैं दूध पीता हूं।

https://www.upboardonline.com